प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री–सीएसपीओसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण की भावना से काम कर रही है। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश ने विविधता को लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने यह साबित कर दिया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति व व्यापकता प्रदान करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में जनता सर्वोपरि है और उनकी आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि देश ने विविधता को अपनी ताकत बनाया और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश में यूपीआई दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान प्रणाली है।

स्थापना दिवस

भारतीय सेना आज अपना 78वां स्थापना दिवस मना रही है। युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज देशभर में सेना द्वारा अलग–अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला के रिज मैदान में सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा "नो यूअर आर्मी" मेले का आयोजन किया गया। सेना के सेवानिवृत ब्रिगेडियर हरजीत सिंह ने मेल का शुभारंभ किया। सेना दिवस पर सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा शस्त्र प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर, सेल्फी प्वाइंट,सेना पाइप बैंड की प्रस्तुति का आयोजन किया गया और युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरजीत सिंह ने कहा है कि इस तरह के आयोजन से युवा देश की सेवा के लिए प्रेरित होते हैं और उन्हें अपने आर्मी को जानने का मौका मिलता है। इस मौके पर आरट्रैक के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल सुकृति सिंह दहिया सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

आगजनी

सिरमौर जिला की नौहराधार तहसील के तंलागना गांव में बीती रात एक मकान में आग लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की जलने से मौत हो गई है जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल का उपचार सोलन जिला अस्पताल में चल रहा है। गांव में सड़क सुविधा न होने के कारण

फायर बिग्रेड व एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाई और स्थानीय लोगों के प्रयासों से ही एक व्यक्ति को बचाया जा सका है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अग्निकांड से पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता और घायलों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने घटना के कारणों की गंभीरता से जांच करने भी निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भी इस घाटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सभी सांसदों सहित पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल, दिशाहीन और आपसी कलह में उलझी हुई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि उप–मुख्यमंत्री और मंत्री एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाने में व्यस्त हैं और सरकार का हर घटक अपनी भड़ास निकालने में लगा है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश का सचिवालय जहां से जनहित में निर्णय होने चाहिएं, आज युद्धभूमि में तबदील हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है और पिछले 70 वर्षों के इतिहास में हिमाचल ने ऐसी अराजकता वाली स्थिति कभी नहीं देखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अव्यवस्था का बोलबाला है और कानून व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस अराजकता और विफलता के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।